दिनांक 07.10.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# निगम क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगा पेंशन का वार्षिक सत्यापन आंगनबाड़ी कार्यकताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**भिलाईनगर।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्र पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सत्यापन मोबाईल एप Beneficiary Satyapan App (लाभार्थी सत्यापन एप) के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए निगम मुख्य कार्यालय सभागार में 155 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को योजना के नोडल अधिकारी नरेन्द्र कुमार बंजारे एवं प्रोग्रामर दिप्ती साहू के निर्देश पर कम्प्युटर आपरेटर अंजू साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। जो अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्वावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन मोबाईल एप से करेंगी। इस योजना के पेंशन हितग्राही अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सत्यापन करा सकते है। नगर पालिक निगम भिलाई पेंशन हितग्राहियों से अपील करती है कि जल्द से जल्द अपने वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर सत्यापन का कार्य करवा लेवें। जिससे मिलने वाले पेंशन योजना का लाभ मिल सकें। प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक पेंशन विभाग के लिपिक त्रिलोक ताम्रकार एवं मनहरण लाल टण्डन उपस्थित रहे।

